बिहार सरकार
उद्योग विभाग
(उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना)

सूचना

शिल्पियों एवं बुनकरों के लिए सुनहरा अवसर

बिहार सरकार, उद्योग विभाग के नियंत्रणाधीन उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा बिहार दिवस, 2026 के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में दिनांक 22–24 मार्च, 2026 तक प्रदर्शिनी सह बिक्री का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर बिहार के शिल्पियों/बुनकरों एवं उधमियों द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी, जिसमें हस्तशिल्प/हस्तकरघा/खादी एवं अन्यान्य के लिए कुल 100 स्टॉल रहेंगे। जो निःशुल्क आवंटन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा देय नहीं है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना के वेबसाइट **www.umsas.org.in** पर विजिट करें। आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक 10.03.2026 तक है।

नोट :– स्टॉल का आवंटन निम्नांकित शर्त्तों पर किया जायेगा।

1. स्टॉल का आवंटन चयन समिति द्वारा किया जायेगा एवं समिति का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।
2. चयनित शिल्पियों को स्टॉल आवंटन की सूचना वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।
3. बिक्री/प्रदर्शनी हेतु उत्पादित साम्रगी उत्कृष्ट कोटि एवं बिहार राज्य के अर्न्तगत निर्मित होनी चाहिए।
4. स्टॉलधारकों को संस्थान द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में अथवा मेला प्रभारी द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिर्वाय होगा।
5. स्टॉलधारकों को अपने स्टॉल के आस–पास के साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। सामान की जिम्मेवारी भी आपकी होगी।
6. बिक्री करने वाले स्टॉलधारकों को बिक्री की मनी रसीद विक्रेता को देनी होगी।
7. स्टॉलधारक अपने–अपने स्टॉल का बैनर उचित आकार में स्वंय प्रदर्शित करेगें।
8. अधिक जानकारी के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,पटना के वेबसाइट www.umsas.org.in पर विजिट करें।

ह०-
निदेशक
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।

ज्ञापांक....212..../ पटना, दिनांक....24/02/026

प्रतिलिपि :– आई0टी0 आईटी एक्सपर्ट, उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना को निदेश दिया जाता है कि उक्त विवरणी को संस्थान के बेवसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।